सुविचार
सफलता हाथों की लकीरों में नहीं, माथे के पसीने में होती है!

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक-19 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 14 जून 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

# माता-पिता कब अपने बालक को बाल कल्याण समिति को सौंप सकते हैं और क्या प्रक्रिया है जानिए- JJ Act, 2015

अधिनियम में किशोर बालक का तात्पर्य ऐसे बालक से है जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम होगी। राज्य सरकार प्रत्येक जिले में किशोर न्याय (बालको की देख-रेख और संरक्षण) अधिनियम,2015 के अंतर्गत बालको की देखरेख एवं संरक्षण के लिए एक बाल कल्याण समिति का गठन करेगी यह समिति का कार्य प्रमुख रूप से यह उन जरूरतमंद बच्चों की देखरेख करना होता है जो अनाथ, लावारिस, या बेसहारा होते है। इस समिति का पुनर्विलोकन जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रत्येक तीन माह में किया जाएगा एवं अधिनियम के अध्याय 3 में राज्य2सरकार द्वारा किशोर न्यायिक बोर्ड का गठन प्रत्येक जिले में किया जाएगा इसका उद्देश्य किशोरी को विधि अधिकारों की रक्षा करना होता है एवं अधिनियम की धारा 106 के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राज्य बालक संरक्षण सोसाइटी एवं जिला बालक संरक्षण इकाई का गठन किया जाएगा। कुल मिलाकर अगर हम बात करे तो ये तीनो संस्थाएं अनाथ, लावारिस, बेसहारा आदि बालों को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा एवं न्यायिक सुरक्षा एवं उनके भरण पोषण का कार्य करती है। अगर कोई माता पिता या अभिभावक जो शारिरिक रूप से अक्षम हैं अर्थात कोई रोग से ग्रस्त, निःशक्त, आर्थिक रूप से कमजोर है तब वह किस नियम के अंतर्गत आपने बालक (किशोरी) को बाल कल्याण समिति को सौप सकते हैं पढ़िए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

## किशोर न्याय (बालकों की देख रेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 35 की परिभाषा

1. ऐसे माता-पिता या संरक्षक जो शारिरिक रूप से या समाजिक कारणों से या किसी आर्थिक कमजोरी के कारण बालक का भरण पोषण नहीं कर पा रहे है तब वह आपने बालक की जिला बाल कल्याण समिति में सौप सकता है।
2. जिला बाल कल्याण समिति जाँच करने के बाद बालक को आपने पास रख लेती है एवं माता पिता या संरक्षक से दस्तावेज तैयार करवाएगी।
3. जिला बाल कल्याण समिति माता पिता या संरक्षक बालक को लेने से पहले पुनः विचार करने के लिए दो माह का समय देगी। सहमति के बाद अगर छः माह के कम उम्र के बच्चे को किसी विशिष्ट दत्तक अभिकरण में रखेगी अगर छः माह से अधिक उम्र का बालक हैं तो उसे बाल गृह में रखेगी। Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article)।

# CPC ORDER-4 RULE-3 सिविल कोर्ट में वकील की नियुक्ति किस नियम के अंतर्गत की जाती है, जानिए

आपराधिक मामलों में दण्ड प्रक्रिया संहिता,1973 की धारा 301 एवं 303 के अंतर्गत पक्षकारों की सहमति से उनके मनपसंद अधिवक्ता की नियुक्ति की जाती है। आज के लेख में हम बताते हैं सिविल मामलों में पक्षकारों किस कानून के अंतर्गत वकीलो की नियुक्ति कर सकता है क्योंकि न्यायालय की कार्यवाहियों को समझना आम व्यक्ति के समझ से बाहर होता है इसलिए उसे अधिवक्ता की नियुक्ति करने का कानूनी अधिकार होता है जानिए।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

## सिविल प्रक्रिया संहिता,1908 का आदेश क्रमांक 03 का नियम क्रमांक 04 की परिभाषा

कोई भी पक्षकार या उसका एजेंट आदेश क्रमांक 03 के नियम 04 के अंतर्गत किसी भी ऐसे व्यक्ति को जो अधिवक्ता हो, प्लीडर हो, वकील हो या जिसका नाम राज्य बार कोंसिल की नामांकन सूची में शामिल हो उसे वाद की कार्यवाही में भाग लेने, बहस कंरने, के लिए नियुक्त कर सकता है।

वकालतनामा पेश होने के बाद क्या वकील को हटा सकते हैं

वकालतनामा पेश होने के बाद क्या वकील केस लड़ने से मना कर सकता है

**श्रीमती चम्पा देवी बनाम यू पी इलेक्ट्रॉसिटी (निर्णय वर्ष 1992)-** उक्त मामले में न्यायालय द्वारा अभिनिर्धारित किया गया है कि कोई भी अधिवक्ता, वकील बिना न्यायालय की अनुमति और पक्ष को पर्याप्त समय दिये बिना वाद से अपने को अलग नहीं कर सकता है। इसी प्रकार कोई भी पक्षकार अपने वकील को बिना न्यायालय के अनुमति से हटा नहीं सकता है। Notice: this is the copyright protected post. do not try to copy of this article).

# G7 समिट में शामिल होने इटली पहुंचे PM मोदी, जो बाइडेन से मुलाकात संभव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इटली पहुंच गए हैं। वे प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ बैठक करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सलाहकार जैक सुलिवन की मानें तो प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति जो बाइडेन से भी मुलाकात कर सकते हैं। बता दें कि अमेरिकी एनएस भी जो बाइडेन के साथ जी 7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए इटली पहुंचे हैं। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात की उम्मीद जताई। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसकी औपचारिक पुष्टि भारतीय पक्ष पर निर्भर है, लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेताओं को मुलाकात का अवसर मिलेगा। वही इटली पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

## मेलोनी के साथ भी करेंगे बैठक



अपने एक हैंडल पर पोस्ट कर कहा कि 'G7 शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं के साथ सार्थक चर्चा में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।'

# क्या नीट पेपर लीक मामले की होगी CBI जांच

## सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सुनवाई




**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट परीक्षा विवाद मामले में सुप्रीम कोर्ट आज भी सुनवाई करेगा। सर्वोच्च न्यायालय आज तीन याचिकाओं को सुनेगा, जिसमें परीक्षा रद्द करने और पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग की गई है। इसके साथ ही एनटीए की ट्रांसफर याचिका पर भी आज सुनवाई होना है।

**1563 बच्चों की फिर होगी परीक्षा:** गौरतलब है कि शुक्रवार को भी नीट मामले में सुनवाई हुई थी। जिसके बाद 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स को रद्द कर दिया गया और अब इन्?हें दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन बच्चों की परीक्षा 23 जुलाई को आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने काउंसलिंग प्रक्रिया पर भी रोक लगाने और परीक्षा रद्द करने से इनकार कर दिया था।अब नीट परीक्षा 23 जून को होगी और परिणाम 30 जून से पहले घोषित किए जाएंगे।

**केंद्रीय मंत्री ने पेपर लीक के दावों को किया खारिज:** सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी पेपर लीक के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कोई पेपर लीक नहीं हुआ है। प्रधान ने कहा, 24 लाख छात्रों ने सफलतापूर्वक नीट परीक्षा दी है। मैं स्टूडेंट्स और उनके अभिभावकों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार और एनटीए उन्हें न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# पार्टनर के साथ बनेगा शॉपिंग का प्लान

इंदौर। लव राशिफल के अनुसार, शुक्रवार (14 जून) का दिन सभी राशियों के प्रेम जीवन के लिए अच्छा रहेगा। कुछ राशिवाले अपने पार्टनर के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं। वहीं, कुछ राशियों की अपने साथी से लड़ाई हो सकती है। आइए पंडित हर्षित शर्मा से जानते हैं कि आज का दिन सभी राशियों के लिए कैसा रहेगा। आज पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बाहर जाने की योजना बन सकती है। जिस कारण आपका साथी आपसे प्रसन्न रहेगा। पार्टनर को मन की बात बोल सकते हैं। यह दिन आपके लिए बेहद खास है। पार्टनर आपसे निजी जीवन के बारे में निर्णय लेने के लिए कह सकता है।



अपने साथी के स्वभाव में बदलाव नजर आएगा। उनके मन के भाव को समझना आपके लिए अच्छा होगा। पार्टनर के साथ जीवन के लिए कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं। इस निर्णय के विरोध में परिजन आ सकते हैं। आपका प्रिय आपके साथ खड़ा रहेगा। आज पार्टनर के हेल्थ को लेकर परेशान रहेंगे। मौसम के कारण स्वास्थ्य नाजुक रह सकता है। जिस कारण बाहर जाने की प्लानिंग कैंसिल हो सकती है। मन उदास रहेगा। साथी के साथ बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं। आज का दिन अच्छा रहेगा। मौसम का आनंद लेते हुए अपने पार्टनर के साथ अच्छा दिन बितेगा। यह समय प्रेम प्रसंग के लिए अनुकूल रहेगा। साथी आपके साथ कोई मजाक कर सकता है। आपका मूड फ्रेश करने के लिए आपके साथ शरारत कर सकता है। कुल मिलाकर आपका दिन अच्छा रहेगा।

# कांग्रेस और विधायक पद छोड़कर भाजपा में आए कमलेश शाह को पार्टी ने बनाया अमरवाड़ा से उम्मीदवार

**भोपाल।** कांग्रेस विधायक रहे कमलेश शाह को भारतीय जनता पार्टी ने छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। इस सीट पर उपचुनाव होना है। कमलेश लोकसभा चुनाव के समय विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हुए थे। शाह लगातार तीन बार अमरवाड़ा से विधायक रह चुके हैं। अमरवाड़ा विधानसभा से भाजपा को लोकसभा चुनाव में 15 हजार 39 मतों की बढ़त मिली है। इधर कांग्रेस के प्रत्याशी चयन



की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य अहाके, जिपं सदस्य चंपालाल कुरचे, नवीन मरकाम और सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक रामनारायण परतेती के नाम पर विचार किया जा रहा है। कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ छिंदवाड़ा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार थे, उनके सामने भाजपा के विवेक बंटी साहू मैदान में थे। जानकारी के मुताबिक चुनाव के दौरान अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह द्वारा पार्टी और विधायक पद छोड़कर भाजपा में शामिल होने के बाद नकुल नाथ को यहां बड़ा झटका लगा। इस विधासभा में भाजपा को वोटों में बढ़त भी मिली।

# मध्यप्रदेश शिक्षक महासंघ के निर्वाचन संपन्न



**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

बुरहानपुर- सावन भादवा माता मंदीर उज्जैन में मध्य प्रदेश शिक्षक महासंघ के निर्वाचन संपन्न हुआ7 जिसमें रामपाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रेम प्रकाश पंड्या प्रदेश महामंत्री निर्वाचित हुए7 अध्यापक संविदा शिक्षक महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में संगठन का नाम बदलकर मध्य प्रदेश शिक्षक महासंघ किया गया7 साथ ही मध्य प्रदेश शिक्षक महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी का निर्वाचन निर्वाचन अधिकारी सतीश जी शर्मा विभाग प्रमुख भारतीय मजदूर संघ , उज्जैन आगर विभाग ,सहायक निर्वाचन अधिकारी मनोहर गिरी जिलाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ तथा प्रदेश अध्यक्ष ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के मार्गदर्शन एवं माननीय रमेश चंद्र जी शर्मा पूर्व अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति ( कैबिनेट दर्जा प्राप्त ) की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुए जिसमें प्रांताध्यक्ष श्री रामपाल सिंह भदौरिया भिंड तथा प्रदेश महामंत्री श्री प्रेम प्रकाश पंड्या उज्जैन निर्वाचित हुए तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष डॉक्टर वी. के.सिंह चौरसिया भोपाल , तेज नारायण ि वेदी झाबुआ । प्रदेश उपाध्यक्षगण बलराम पवार सीहोर , पंजाब राव गायकवाड़ बैतूल ,दीवान सिंह पटेल रायसेन , रामेश्वर दांगी मंदसौर ।संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा उज्जैन प्रदेश मंत्री योगेंद्र बड़वाहे खंडवा , आशीष दुबे नरसिंहपुर , भूपेंद्र शर्मा शिवपुरी , अशोक दिपैरा मुरैना ,संतोष बरोलिया देवास ,प्रदेश कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र पंड्या,प्रचार मंत्री श्री दीपक आचार्य प्रदेश सहमंत्री निर्मल जैन रतलाम ,नागेंद्र मेघवाल राजगढ़ ,अनिल कुमार सूर्यवंशी छिंदवाड़ा मनोनीत किए गए इस अवसर पर उज्जैन एवं इंदौर संभाग की कार्यकारने का गठन भी किया गया । मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप इंगले प्रदेश सचिव संजय चौधरी, संभागीय सचिव अनिल जैसवाल,सुरेश पवार, सुनील कोटवे, विजय महाजन उमेश रुपेरी मनोज जयसवाल, माला बुंदेले, कैलाश सोनवणे, मो फहिम, शमीम मंसुरी देवीदास विश्वकर्मा, प्रमोद निकम मो अनीस आसीफ पिंजारी योगेश कापड़िया संतोष वानी बबीता श्रीवंश भारती बडगुजर ज्योति बाला कृष्णा चौहान कैलाश राठोड़ महेंद्र महाजन अर्चना मोनी धमेंद्र देशमुख प्रकाश प्रजापति रविन्द्र अदमने नफीसा अंसारी शैलेन्द्र हजारी नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित की है।

# आदिम जाति कल्याण विभाग ने वर्ष 2016 में छात्रावास बनवाया था




संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्या

छात्रावास की स्वीकृति कहीं ओर की और छात्रावास का भवन बना कहीं ओर आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत वर्ष 2016 में शासकीय प्री मैट्रिक अनुसूचित जाति कल्याण बालिका छात्रावास भवन का 1करोड़ 94 लाख से बनकर तैयार हुआ था।इसे पीआईयू ने बनाकर लोकार्पण करवाने के बाद विभाग के हैंडोवर कर दिया था लोकार्पण करने के लिए पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक सुरेंद्र पटवा द्वारा किया गया था इसमें जनप्रतिनिधि हेमराज मीणा, प्रकाश सिंह पटेल, किशोर रमानी और भी अन्य स्थानीय समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे थे।ग्राम पंचायत ईटखेड़ी में स्थित एकीकृत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय ईंटखेड़ी के लिए 9 दिसंबर 2020 को आदिवासी कन्या छात्रावास के लिए स्वीकृति मिली किंतु यह छात्रावास वर्ष 2016 को बनना प्रारंभ हो गया और 2020 तक बनकर तैयार हुआ और बनने के बाद से ही बंद है और आज वर्तमान में एक खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है इसे ग्राम पंचायत ईंटखेड़ी के सरपंच - सचिव ओर शाला के प्रभारी तीनों की मिली भगत द्वारा सुल्तानपुर के नेता - मंत्रियों को पैसे लेकर छात्रावास का गमन करवा दिया था। इस वजह से यह छात्रावास सुल्तानपुर में बना है वहां पर संचालित भी नहीं हो पा रहा है और जहां विद्यालय हैं वहां पर कोई छात्रावास भवन नहीं हैं। जिससे आज भी आदिम जाति कल्याण विभाग अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की बालिकाओं को पढ़ाई में अधिक कठिनाई आ रही है। वह विद्यालय और घर से प्रतिदिन तकरीबन 5किलोमीटर से लेकर 35किलोमीटर का सफर तय करती हैं ।

# वन भूमियों के पास अवेध खनन कर बनाई जा रही ईट



क्षेत्रीय संवाददाता, हेमंत शाक्या

भोपाल- चिकलोद रेंज इन दिनों सुर्खिया बटोर रही है क्यों चिकलोद रेंज में ही अवेध कार्य हो रहे है जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान दे किस अधिकारी के संरक्षण में वन भूमि पर हो रहे पक्के निर्माण,सागोन की हो रही कटाई,वन विभाग के टूटो की सीमा के अंदर हो रही खेती,सहित वन भूमियों के पास खुलेआम हो रहे संचालित क्या जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीं भगत से हो रहा संभव।

# अतिथि शिक्षकों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**बोले- पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने स्थाई करने को वादा किया था नहीं हुआ पूरा**



संभागीय पत्रकार हेमंत शाक्य

रायसेन। रायसेन के कलेक्ट्रेट कार्यालय में सोमवार को अतिथि शिक्षकों ने स्थाई पद की प्रमुख मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन। अतिथि शिक्षकों ने विनम्रता पूर्वक आवेदन देते हुए कहा की पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव के दौरान अतिथि शिक्षकों को स्थाई किए जाने का वादा किया था लेकिन अभी तक वादा पूरा नहीं हुआ अतिथि शिक्षकों को स्थाई करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर पीसी शाक्य को ज्ञापन सौंपा अतिथि शिक्षकों ने बताया कि मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार भी बन गई है और केंद्र में भी सरकार बन चुकी है लेकिन अतिथि शिक्षकों की हालत जस की तस बनी हुई है अतिथि शिक्षकों को वेतन तक नहीं मिला है जिले के समस्त अतिथि शिक्षक ज्ञापन सौंपते हुए।

# फिर पकड़ाए अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर, तीसरा फरार,एसपी के निर्देश मे पपौन्ध थाना पुलिस ने तहसीलदार के साथ जाकर की कार्यवाही

**संवाददाता -राजू राय**

शहडोल। जिले मे रेत माफियाओ के खिलाफ पुलिस का धड़पकड़ अभियान जारी है। इसी कड़ी मे आज तड़के पपौन्ध थाना प्रभारी ने तहसीलदार के साथ मिलकर थाना क्षेत्र से अवैध रेत से लोड दो ट्रैकटरो को जप्त किया, पुलिस देख दोनों चालक भाग गए। वहीं तीसरे एक अन्य रेत से लोड ट्रेक्टर का चालक रेत सड़क मे गिराते हुए वाहन लेकर भाग गया। जानकारी के अनुसार जिले मे रेत के अवैध कारोबारियो पर लगाम लगाने पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दें रखें हैं। जिसके परिपलान मे आज सुबह मुखबिर से मिली सूचना के बाद पपौन्ध प्रभारी प्रभारी एम एल वर्मा सहायक उपनिरीक्षक विपिन बागरी समेत अन्य सहयोगियों व तहसीलदार श्री मिश्रा के साथ



थाना क्षेत्र के सगरा टोला तेंदुआ रोड की तरफ रवाना हुए। जहाँ सोन नदी विजय सोता की तरफ से अवैध रेत लोडकर तीन ट्रेक्टर आते हुए नजर आए। जैसे ही ट्रेक्टर चालको ने पुलिस को देखा तो दो वाहन चालक रेत से भरा ट्रेक्टर छोड़ वहाँ से भाग गए। जबकि एक अन्य चालक ट्रेक्टर की ट्रॉली को उठाकर रेत सडक मे गिराते हुए लाल रंग का महिंद्रा ट्रेक्टर लेकर भाग निकला। जिसकी पहचान गोलू तिवारी के रूप मे की गई हैं। अब पुलिस उसकी समेत अन्य ट्रेक्टर चालको की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश के बाद लगातार रेत के अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जारी हैं। बीते दिनों भी अवैध रूप से रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जप्त किए गए थे।

# अजाक्स सागर ने राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन





**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सागर - आज अजाक्स सागर द्वारा जिलाध्यक्ष गजेन्द्र बोहत के नेतृत्व में राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौपा गया ज्ञापन में मांग की गई कि उच्च न्यायालय जबलपुर मे निम्न मध्यम वर्गीय समुदायों, विशेषकरएस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी के लिए समान अवसर प्रदान करने हेतु कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं आ रही है। वर्तमान में, माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा सिविल जजों के चयन में साक्षात्कार प्रक्रिया में कई एस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी वर्ग के अभ्यार्थी असफल हो रहे हैं, जबकि वे लिखित परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त कर सफल हो चुके होते हैं। सिविल जजों की नियुक्ति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व हेतु संविधान के अनुच्छेद 15(4) और 16(4) में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं। लेकिन उपरोक्त बर्ग को सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े होने के वाबजूद भी सरकारी सेवाओं में प्रतिनिधित्व देने का पालन नहीं किया जा रहा है।

माननीय हाईकोर्ट जबलपुर द्वारा आयोजित civil judge junior Division entry level की मुख्य परीक्षा में एस.सी/एस.टी./ओ.बी.सी अभ्यार्थियों का प्रतिनिधित्व काफी कम हैं। वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यार्थियों में से 77 में से केवल 03 एस.सी., 03 ओ.बी.सी बर्ग के अभ्यर्थियों का चयन किया गया है जबकि कोई एस.टी. बर्ग का अभ्यर्थी चयनित नहीं हुआ है जो कि निराशाजनक स्थिति हैं। इसका मुख्य कारण एस.सी. और एस.टी. अभ्यार्थियों के लिये मुख्य परीक्षा में निर्धारित 45 प्रतिशत की अंक प्राप्ति सीमा हैं, तथा साक्षात्कार हेतु 40ः अंकों की प्राप्ति की सीमा है जो उनके शैक्षिक और सामाजिक पृष्ठभूमि के मददेनजर उचित प्रतीत नही होती हैं। वर्तमान चयन प्रक्रिया भारत के संविधान के प्रावधानों के विपरीत हैं। यह चयन एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी के अभ्यार्थियों के प्रतिनिधित्व को खत्म करती हैं।

1. मुख्य परीक्षा में एस.सी/एस.टी/ओ.बी.सी अभ्यार्थियों के लिये पासिंग मार्क्स समाप्त कर सिविल सेवाओं की तरह प्रावधान निर्धारित करें।

2. इंटरव्यू के लिये 40ः अंक सीमा को समाप्त कर लिखित एवं साक्षात्कार के अंक जोड़कर मेरिट निर्धारित की जाये जैसा कि लोक सेवा आयोग/यू.पी.एस.सी व अन्य परीक्षाओ में होता हैं।

3. चयन प्रक्रिया को ओर अधिक पारदर्शी बनाने के लिये इसे मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से संचालित किया जायें। जैसा कि पूर्व में होता था। इससे पारदर्शिता आऐगी एवं चयन प्रक्रिया में जनता का विश्वास बना रहेगा।

इन मांगो से न केवल परीक्षा प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता आएगी, बल्कि एस.सी और एस.टी/ओ.बी.सी. समुदाय के योग्य अभ्यार्थियों को भी उचित अवसर प्रदान किये जा सकेगे। ज्ञापन सौपने वालों में अजाक्स जिला अध्यक्ष गजेन्द्र बोहत, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष समीस कुमार अहिरवार, जिला महासचिव एम.एल. चौधरी, जिला महासचिव राजू पामाखेड़ी, तहसील अध्यक्ष सागर चन्द्रभान रोहित, संभागीय महासचिव रामचरण अहिरवार, गोटीराम अहिरवार, थानसिंह गौड़, केसरी प्रसाद रोहित, नीरज करोसिया, खडक सिंह गौड, शरद कुमार, प्रहलाद कोरी, सुरेश कुमार रैदास, अनिल सोनकर, हरिदास अहिरवार, अशोक कुमार केरी, भूपेन्द्र घारू, करन घारू, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी ने की बिरसिंहपुर में बैठक



**कैलाश कुमार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

सतना भीम आर्मी भारत एकता मिशन एव बहुजन समाज में जन्में सभी संतो गुरुओं महापुरुषों के करवा को लेकर चलने वाले गांव गांव तक मिशन को पहुंचने का अर्थक प्रयास करने वाले भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा जी के द्वारा बाबा साहब की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर संविधान की उद्देशिका का वाचन कर मीटिंग की गई सतना जिला के बिरसिंहपुर में समीक्षा बैठक की गई और भीम आर्मी को मजबूत करने के लिए टीम को गठित किया गया और वह पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से विजय वर्मा जी ने कहा कि हमे सर्वप्रथम शिक्षा के रास्ते पर चलना है और जो भी बच्चे शिक्षा से वंचित ही उनको स्कूलों में एडमिशन करवाइए क्योंकि शिक्षा ही वह शास्त्र है जिससे हम हर जंग जीत सकते है समीक्षा बैठक में भीम आर्मी जिला अध्यक्ष विजय वर्मा,गंगाराम वर्मा, रंजीत चौधरी , भूपेंद्र भारती , सचिन,करण शरद चौधरी, राहुल नसीम ,रवि ,प्रमोद ,सचिन बुनकर ,धनी लाल प्रजापति,चंदन पार्षद, आर्यन कुशवाहा ,आदि अनेकों उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश-रायसेन में वन विभाग ने पकड़ा बाघ पांच हाथियों समेत 100 बनकर्मी 10 दिन से कर रहे थे रेस्क्यू।



संभाग संवाददाता हेमंत शाक्या

रायसेन- रायसेन में वन विभाग ने रॉयल बाघ का रेस्क्यू कर लिया है। बीते 10 दिनों में कान्हा और पन्ना टाइगर रिजर्व से पांच हाथियों समेत वन विभाग के 100 से ज्यादा वन्य कर्मी,डीएफओ समेत रेंजर बाघ को रेस्क्यू करने में लगे थे। गुरुवार को बाघ का मूवमेंट रायसेन शहर के पास ग्राम सुरई के जंगल में दिखा था ,उसे ट्रैंक्यूलाइज कर बेहोश किया गया । शैतानी बाघ का तकरीबन 3 महीनो से रायसेन क्षेत्र के जंगलों में था निवास जिसने लगभग दो-तीन लोगों को किया था घायल 2 की हुई थीं मृत्यु । जिसमें से एक घटना एक महीने पहले ही नीमखेड़ा निवासी मनीराम जाटव का इसी बाघ ने तेंदूपत्ता तोड़ते समय जंगल में शिकार कर लिया था। करीब 3 महीनो से रायसेन जिले में इसी शैतानी बाघ का आतंक संपूर्ण रायसेन जिले में बना हुआ था जिससे अब बाघ के रेस्क्यू होने के बाद रायसेन के आस पास के क्षेत्रीय ग्रामीणों सहित पुरे जिले के लोगों ने राहत की सांसे ली है।

# प्रतिवर्ष लगभग 33000 बच्चे क्लब फुट की समस्या के साथ लेते हैं जन्म क्लब फूट एक जन्मजात दोष

**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

क्लब फूट बीमारी की जागरूकता के लिए ÷हेल्दी स्टेप्स, हेल्दी लाइफ÷ की थीम पर जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जून माह में क्लब फूट जागरूकता एवं नए मरीजों को चिन्हित करने के लिए विशेष गतिविधियां की जाएंगी। क्लब फूट राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चिह्नांकित 32 बीमारियों में से एक है। जून माह में क्लब फूट क्लिनिक में शिविर आयोजित कर नए बच्चों का चिह्नांकन किया जाएगा। भोपाल जिले को नवंबर - 2019 में क्लब फूट मुक्त किया जा चुका है। भोपाल में इस बीमारी का कोई भी बैकलॉग शेष नहीं है। सभी नए केसेस को जन्म के तुरंत बाद चिह्नित कर उपचारित किया जा रहा है।





माह के दौरान सभी प्रसव केंद्रों, एसएनसीयू एवं एनबीएसयू में चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ का उन्मुखीकरण किया जाएगा। साथ ही जिला एवं विकासखंड स्तर पर स्क्रीनिंग शिविर भी लगाए जाएंगे।भारत में हर वर्ष लगभग 33000 बच्चे क्लब फुट की समस्या के साथ जन्म लेते हैं। क्लब फूट के इलाज के तीन चरण होते हैं। पहला कास्टिंग, दूसरा टेनोटोमी और तीसरा ब्रेसिंग। उपचार के बाद बच्चे को ब्रेसेस दिए जाते हैं जो कि अगले 3 महीने तक के लिए रात और दिन पहनाया जाना आवश्यक होता है। केवल बच्चों को नहलाते समय ही इसे उतरना होता है। 3 महीने की अवधि के बाद ब्रेसेस को केवल दिन और रात में सोते समय पहनना आवश्यक होता है। यह ब्रेसेस 4 से 5 साल तक पहनने की आवश्यकता होती है।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि क्लब फूट एक जन्मजात दोष है। जिसमें बच्चे के एक या दोनों पैर अंदर की ओर मुड़े हुए होते हैं। एक हजार नवजात बच्चों में से 1 या 2 बच्चों को क्लब फुट होने की आशंका रहती है। इलाज के बाद यह बच्चे अन्य बच्चों की तरह सभी गतिविधियां सामान्य रूप से कर सकते हैं। बच्चे का उपचार जन्म के तुरंत बाद ही शुरू किया सकता है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत भोपाल में पिछले 10 सालों में 400 से अधिक बच्चों को इस बीमारी का उपचार मिल चुका है। पिछले साल 30 बच्चों को उपचारित किया गया है। इलाज के बाद कास्टिंग एवं ब्रेसेस निन्शुल्क दिए जाते हैं। विगत 6 माह में 17 बच्चों को ब्रेसेस दिए जा चुके हैं। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से ÷क्लब फूट क्लीनिक÷ संचालित किया जा रहा है। क्लिनिक में क्लब फूट की सर्जरी के बाद बच्चों को विशेष प्रकार के जूते या ब्रेसेस निशुल्क उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। यह क्लिनिक जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में हर गुरुवार को संचालित होता है। जिन बच्चों मे तिरछे पैर या क्लब फूट की समस्या है वे डीईआईसी में बच्चों का निन्शुल्क इलाज करवा सकते हैं।

# चंद्रशेखर आजाद के सांसद बनने पर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी जिला रायसेन ने मनाया जश्न



**रायसेन।** भीम आर्मी के आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले की नगीना लोकसभा से 151473 वोटों जीत हासिल की भारत के बहुजन समाज की मुखर आवाज युवा नेता चंद्रशेखर आजाद के सांसद बनने पर जीतेन्द्र मूलनिवासी के नेतृत्व में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी जिला रायसेन द्वारा दिनांक 9 जून 2024 दिन रविवार को रायसेन में जीत का जश्न धूमधाम से मनाया गया जिनमें रायसेन जिले के तमाम कार्यकर्ता,पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं ने रायसेन टोल प्लाजा पर एकत्रित होकर डी.जे , ढोल और आतिशबाजी के साथ रैली को प्रारंभ किया । नगर रायसेन के मुख्य मार्गो से होते हुई रैली दशहरा मैदान पहुंची वहा सभा के रूप में परिवर्तित हो गई जिसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया रैली में चंद्रशेखर आजाद के समर्थकों में गजब का उत्साह देखने को मिला चंद्रशेखर आजाद जिंदाबाद के नारे लगे । उन्हें बधाइयां दी साथ ही मिठाइयां वितरित की भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र मुलनिवासी ने बताया यह लड़ाई लोकतंत्र व संविधान को बचाने की थी चंद्रशेखर आजाद जी ने कड़े संघर्षों से सांसद




का चुनाव जीता है जिससे पूरे देश के बहुजन समाज में खुशी का माहौल है इस खुशी का जश्न मनाने के लिए आज इस रैली का आयोजन रखा गया इस रैली के माध्यम से संदेश दिया गया की आगामी समय रायसेन जिले में भी भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी को और मजबूत कर ईमानदार लोगों को विधानसभा, संसद तक भेजा जाएगा । जो शोषित पीड़ित वंचित समाज के हक अधिकारों की बात कर सकें जो उन्हें न्याय दिलाने के लिए लड़ सकें । रायसेन जिले में कही भी एससी एसटी ओबीसी मुस्लिम वर्ग के साथ अन्याय होता है तो भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी पीछे नहीं रहेगी बल्कि हर गरीब किसान के साथ भी खड़ी नजर आएगी । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित युवा धर्मेंद्र अहिरवार गैरतगंज , गजराज सूर्यवंशी बेरखेड़ी, श्रीमती नयनतारा डा. धर्मेंद्र अहिरवार गुदावल , रतन सिंह बेरखेड़ी, पहलवान सिंह मोतलसिर,मोहनलाल अहिरवार छावनी,राकेश भारती , अभिषेक बौद्ध,नितिन, बौद्ध,सोनूअहिरवार, अशोक मांडरे, भारत सिंह,महेंद्र सिंह,गंगा अहिरवार खरगोन एवम तमाम समर्थक उपस्थित रहे ।

# युवकों द्वारा कार में खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो वायरल पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही




भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

ऐसे कई वीडियो सामने आते हैं जिनमें लोग अपनी तथा राहगीरों की जान की परवाह किये बिना वाहन के साथ खतरनाक करतब दिखाकर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वाइरल करते हैं ऐसे ही एक मामले में भोपाल में 8 जून को व्हीआईपी रोड पर एक कार के चालक द्वारा वाहन को खतरनाक तरीके से लहराते हुए चलाने तथा कार में बैठे उसके साथियों द्वारा अपनी जान को खतरे में डालकर चलती कार की छत से बाहर निकालकर खतरनाक तरिके से स्टंट करने का वीडियो वाइरल हुआ था । इस प्रकार से वीडियो बनाकर ये लोगआमजन में डर और भय का महौल बना रहे थें। नगरीय पुलिस उपायुक्त यातायात एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा इस वीडियो पर संज्ञान लेते हुए उचित कार्यवाही कर वाहन को जप्त किया तथा तीनों के विरुद्ध 151 सीआरपीसी के अंतर्गत कोहेफिजा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। प्रथम दृष्टिया अपराध धारा- 279,336,34 भादवि, 184 मोटर व्हीकल एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नगरीय यातायात पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि यातायात पुलिस सुगम और सुरक्षित यातायात प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यातायात नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था में सहयोग करें एवं ऐसी किसी भी प्रकार की घटना दिखाई देने पर या किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात दूरभाष नं. 0755-2677340, 2443850 पर सम्पर्क करें तथा whatsaap No-7587602055 पर भी सूचना दें।

# 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी की थीम पर तैयारियों के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित

भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

21 जून को आयोजित किए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयुक्त आयुष श्रीमती सोनाली वायंगनकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर सेल्फ एंड सोसाइटी' है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है, इसलिए सभी अपने-अपने स्तर पर आवश्यक तैयारियाँ कर लें। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, सीईओ जिला पंचायत ऋतु राज नगर निगम आयुक्त सहित, स्कूल कॉलेज के प्रतिनिधि तथा एनजीओ संचालक उपस्थित थे।




# तीन आरोपियों को सोने-चांदी के जेवरात सहित लगभग साढ़े चार लाख के माल के साथ पकड़ा तीनों पर हैं दर्जनों प्रकरण दर्ज




**भोपाल रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

मीनाल रेसीडेंसी अयोध्यानगर भोपाल के रहने वाले फरियादी द्वारा पुलिस को बताया गया कि उनके पडोसी जो घर से बाहर गये है उनके घर में अज्ञात चोर द्वारा रात में ताला तोडकर घर से सोने चांदी के जेवर एवं कुछ नगदी रुपये चोरी कर लिए गये हैं । सूचना पर अपराध क्रं. 244/24 धारा 457,380 भादवि पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया। टीम गठित कर घटनास्थल के आसपास के फूटेज व मुखबीर तंत्र विकसित कर लगातार आरोपियों की तलाश की गई। लगातार प्रयास करने पर मुखबीर से सूचना मिली की घटना को अंजाम देने वाले तीन लोग हैं । उक्त इनपुट पर संदेही तथा उसके साथी की लगातार तलाश की गई, आरोपियों के कोई निश्चित ठिकाने नही होने से पुलिस ने जिन भी संभावित स्थानो पर दबिश दी वे पुलिस के पहुंचने से पहले ही फरार हो जाते थे । जिनकी लगातार तलाश टीम करती रही। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली इनमें से दो रहागिरी के पास जम्मूरी मैदान मे दो पहिया वाहन लेकर खड़े है । सूचना पर जम्मूरी मैदान से दोनो संदेहियों को एक दो पहिया गाड़ी के साथ पकडकर थाने लाया गया। पुछताछ में उन्होने उनके एक अन्य साथी के साथ मिलकर अयोध्यानगर थाना क्षेत्र में मीनाल की उक्त नकबजनी सहित कुल चार चोरियां करना स्वीकार किया। चोरी कर चोरी किये सोने चांदी के आभुषण आपस मे बाँट लिया करते थे। जिन्हे उनके कब्जे से बरामद किया गया। तीसरे साथी को जो नाबालिग था उसे भी तलाश कर पकडा गया और उससे भी चोरी किया गया माल बरामद किया गया। इस तरह तीनो को अयोध्यानगर की चारों घटनाओं मे दोषी पाया गया तथा घटना मे चोरी किये गये सोने चांदी के आभूषण सहित लगभग साढ़े चार लाख रुपये का माल आरोपियों से जप्त किया गया। तीनों आरोपी आदतन चोर हैं। जिन पर चोरी नकबजनी,लूट के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी में एक बलिया उ.प्र. एक गैरतगंज रायसेन तथा एक बागसेवनिया क्षेत्र का रहने वाला है । आरोपी जेल मे मुलाकात के बाद टीम बनाकर घटना को अंजाम देते थे कार्पेन्टर बनकर एरिया की रैकी करते थे एवं दिन में सुने एवं ताला लगे हुए मकानों की रैकी कर रात को घटना को अंजाम देते थे।

# 18 वीं लोकसभा का जनांकिकी स्वरूप एवं सांख्यिकी विश्लेषण

**10 जून 2024, भावना मंगलमुखी, मुंबई**

जैसा कि पूर्व विदित है भारत की अठारहवीं लोकसभा हेतु सभी 543 सीटों पर सदी की सबसे लंबी और विवादित चुनावी प्रक्रिया का 04 जून 2024 को मतगणना व परिणामों की घोषणा के साथ सुखद समापन हो गया।



इस परिणाम में सारे एग्जिट पोल्स को धत्ता बताते हुए मेरे द्वारा ठीक एक महीने पूर्व किए गए आंकलन की लगभग सारी बातें सटीक साबित हुईं।

- मेरे द्वारा पूर्व किए गए आंकलन के अनुसार ही किसी भी पार्टी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।
- 500 से भी अधिक (293 सीटें एनडीए और 234 सीटें इंडिया) गठबंधनों में ही बंटी।
- लगभग 16 सांसद बहुत ही छोटे दलों से या निर्दलीय है, जिनमें से लगभग 08 - 08 सांसद अलग - अलग गठबंधन को समर्थन दे सकते हैं।
- बीजेपी को बहुमत नहीं मिला, वह 240 सीटों पर ही सिमट गई लेकिन किसी भी तरीके से एनडीए को बहुमत पाने में कामयाब हो गया।
- इस बार चार प्रमुख क्षेत्रीय पार्टियां उत्तर प्रदेश में बीएसपी, उड़ीसा में बीजेडी, तेलंगाना में बीआरएस और तमिलनाडु में एआईडीएमके एक भी सीट न पाकर अपना खाता खोलने में नाकाम रही।
- एनडीए को बहुमत मिल जाने के बावजूद यह संभावना निरंतर बनी रहेगी कि अगर एनडीए के कुछ दल और साथी अपना पाला बदल दे तो इंडिया की भी सरकार बन सकती है।
- एनडीए सरकार नाम की कार भले ही मोदी जी चलाने वाले हो लेकिन उस कार के गियर और ब्रेक नीतीश और नायडू के नियंत्रण में है इसलिए जैसे ही मोदीजी ने तेज रफ्तार से किसी को ओवरटेक करने की कोशिश की तो उस कार को ब्रेक लगाकर न्यूट्रल गियर में खड़ा किया जाएगा।

सावधान ! नजरें हटी, दुर्घटना घटी।

अब थोड़ा सा हटकर अनुसंधानात्मक विश्लेषण भी समझने की कोशिश करते हैं --

एडीआर(एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) की रिपोर्ट के मुताबिक--

- इस बार अब तक के सर्वाधिक 504 करोड़पति सांसद चुने गए है। जिनमें से 227 सांसदों की संपत्ति 10 करोड़ से अधिक है। 103 सांसदों की संपत्ति 5 से 10 करोड़ के बीच है। 174 सांसदों की संपत्ति 1 से 5 करोड़ के बीच है जबकि मात्र 4 चार सांसदों की संपत्ति 20 लाख से कम बताई गई है।
- कुल 543 में से 251 सांसदों पर आपराधिक मुकदमें दर्ज है। जिसमें बीजेपी के 240 में से 63(26%), कांग्रेस के 99 में से 32(32%), सपा के 37 में से 17(46%), टीएमसी के 29 में से 7(24%), डीएमके के 22 में से 6(27%), टीडीपी के 16 में से 5(31%), शिवसेना शिंदे गुट के 7 में से 4(57%) सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है।
- इस बार लोकसभा की कुल 543 सीटों में से सिर्फ़ 74 लगभग 14त्न सीटों पर ही महिला सांसद विजय हुई, जो पिछली बार के 77 से 3 कम है।
- इस बार लोकसभा में 105(19त्न) सांसद मात्र पांचवी से बारहवीं पास है। 420(77त्न) सांसद स्नातक(ग्रेजुएट) है। 17 सांसद डिप्लोमा धारक है वहीं एक सांसद साक्षर मात्र है।
- इस लोकसभा में सबसे युवा सांसद सपा के पुष्प सरोज 25 वर्ष के है। दूसरी युवा सांसद राजस्थान की संजना जाटव 26 वर्ष की है। 58(11त्न) सांसद युवा यानि 25 से 40 वर्ष आयु वर्ग के है। 280(52त्न) सांसद प्रौढ़ यानि 41 से 60 आयु वर्ग के है। 204 सांसद 61 से 80 वर्ष आयु वर्ग के है वही डीएमके के एक सासंद 82 वर्ष के है।
- 2024 की इस लोकसभा में सवर्ण सांसदों की संख्या 2019 के 155(28.5त्न) से घटकर 140(25.8त्न) रह गई। हालांकि अब भी यह सबसे अधिक है वहीं ओबीसी सांसदों की संख्या 2019 के 124(22.8त्न) से बढ़कर 138(25.4त्न) लगभग सवर्णों के बराबर पहुंच गई।
- चूंकि लोकसभा में एससी की 84 सीटें और एसटी की 47 सीटें आरक्षित होती है। फिर भी एससी की सीटों में 2019 के 15.5त्न के मुकाबले मामूली बढ़ोतरी होकर 15.8त्न हुई, वहीं एसटी समुदाय की सीटें 10.1त्न के साथ यथावत रही।
- हालांकि एससी की आरक्षित सीटों पर बीजेपी को काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा लेकिन वह सबसे अधिक 28 सीटें जीतने में कामयाब रही। 20 सीटें कांग्रेस और 35 सीटें क्षेत्रीय पार्टियों के खाते में गई।
- एसटी की आरक्षित 47 सीटों में से बीजेपी 2019 के मुकाबले 07 सीटों के नुकसान के बावजूद 24 सीटें जीतने में सफल रही। वहीं 13 सीटें कांग्रेस और 10 सीटें अन्य दलों के खाते में गई।
- इस बार मात्र 24 मुस्लिम सांसद संसद पहुंचे हैं, जो 2019 के 5.0त्न से कुछ कम होकर 4.4त्न रहे है। इनमें से एक भी मुस्लिम सांसद सबसे बड़े दल बीजेपी से नहीं है। 24 में से केवल 03 मुस्लिम सांसद एनडीए गठबंधन से तो 21 मुस्लिम सांसद इंडिया गठबंधन से है। इसमें भी सर्वाधिक 09 मुस्लिम सांसद कांग्रेस से, 05 तृणमूल से, 04 सपा से, 01 मुस्लिग लीग से, 01 नेशनल कांफ्रेंस और 01 सांसद एआईएमआईएम से है।
- इस संसद में क्रिश्चन सांसदों का प्रतिनिधित्व पिछली बार के 1.3त्न पर यथावत रहा वहीं सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व पिछली बार के 2.0त्न से मामूली बढ़त के साथ 2.4त्न हुआ। जबकि बौद्ध समुदाय का प्रतिनिधित्व पिछली बार के 0.2त्न से शून्य हो गया।
- विशेष -- इस बार बीजेपी की 2019 में जीती हुई 92 सीटों पर हार हुई, वहीं वह 32 पिछली बार हारी हुई सीटों को जीतने में कामयाब हुई।
- उत्तर प्रदेश में लगभग 16 सीटों पर भाजपा की जीत का अंतर मायावती के वोटों से कम है यानि मायावती समय रहते इंडिया गठबंधन के साथ आ जाती तो उत्तर प्रदेश में बीजेपी 20 सीटें भी नहीं जीत पाती।
- हालांकि मेरा अभी भी दावा है कि अगर इस चुनाव में सभी दलों को एक जैसा समान अवसर(लेवल प्लेइंग फ़ील्ड) मिलता, मीडिया और चुनाव आयोग निष्पक्ष होते तो आज इंडिया और एनडीए का आंकड़ा आपस में बदला हुआ होता। यानि इंडिया लगभग 300 सीटें जीतता वहीं एनडीए मात्र 240 सीटों के आसपास ही सिमट कर ढेर हो जाता।

## सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा इंटखेड़ी में बैंक के कर्मचारी शाखा प्रबंधक और चपरासी मिलकर ले रहे किसानों और खाताधारकों से पैसे, पैसों के बिना कोई काम नहीं होता

**मध्यप्रदेश, भोपाल संवाददाता**

रायसेन-सुल्तानपुर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत इंटखेड़ी में संचालित सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा ईंटखेड़ी में संचालित है। क्षेत्रवासियों तथा किसानों ने स्वयं अपनी समस्याएं हमारे संवाददाता को यह खबर और परेशानी बताते हुए कहा कि गरीब किसान यहां के कर्मचारियों और दलालों से अत्याधिक परेशान हैं क्योंकि कोई भी काम हो बगैर पैसों के कोई भी काम नहीं होता बैंक का आवेदन पत्र भरना हो तो बैंक बाहर दलाल दुकान लगा कर बैठें हैं जैसे ही कोई बड़ा बुर्जुग अनपढ़ व्यक्ती आता है तो उन्हें बार बार परेशान किया जाता हैं।

खाताधारकों ने यहां तक कहा है कि वह कहा तक इस समस्या से जूझते रहेंगे। विगत वर्षों से यह शाखा एक ग्रामीण क्षेत्र में संचालित की जा रही है तथा इसमें अन्य कर्मचारी वर्ग बैंक शाखा प्रबन्धक मैनेजर बी एम तथा कैशियर और बैंक कंप्यूटर ऑपरेटर विभिन्न स्थानों से आकर कार्य कर रहे हैं कुछ कर्मचारी या बाबू प्रवीण राय इस गांव से और इस क्षेत्र से ही हैं ,जिस गांव में यह बैंक है अब सवाल और समस्या यह है कि किसान क्रेडिट बैंक द्वारा किसानों को लाभान्वित एवं उनकी सहायता हेतु मुक्त उपलब्ध कराए जाते हैं किंतु यहां पर लोकल गांव के गांव में ही जो कर्मचारी लगे हुए हैं वह इस बैंक में बाबू के पद पर कार्य कर रहा है और दलाली का कार्य भी बखूबी निभा रहा है।वह गांव में दवादबा और दबंगई के कारण बगैर पैसों के कोई भी काम नहीं कर रहे हैं जहां छोटे से छोटा हो या बड़े से बड़ा हो हर किस से यह है कि किसान क्रेडिट कार्ड पर पैसे लिए जाते है। किसान इस बैंक से अत्याधिक परेशान हो रहा हैं,क्योंकि कोई भी किसान किसान क्रेडिट कार्ड के लिए मैनेजर के पास जाता है तो चपरासी उसके पास आकर खड़े होकर उसे इशारों में समझा देता है कि इसका कार्य करना है अथवा नहीं क्योंकि मैनेजर और चपरासी की मिली भगत रहती हैं।यह अधिक से अधिक दलाली एवं कमीशन और पैसे लेकर अपनी जेब भर रहे हैं और जो किसान पैसे देने से मना करता है उनको यह गुमराह करते हैं और जो मजबूरी में पैसे दे देता है उनका काम यह फटाफट कर देते हैं यह पिछले वर्षों से इनका यही धंधा चल रहा है आवाज उठाने वाला किसान कम है और पैसे देने वाला किसान अधिक। कमजोर और गरीब किसान वर्ग इन लोगों से अत्यधिक परेशान और प्रताड़ित है।


BM Central Bank Inthkhedi Manager


Praveen Rai Central Bank Inthkhedi Peun


## संत श्री शिव कुमार जी महाराज (मंडला वाले गुरु जी) समाधि कार्यक्रम सतगुरु भंडारा (लंगर) दिनांक 22 जून 2024 ज्येष्ठ पूर्णिमा।।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

देवरी। अखिल भारतीय रविदास यादव संगठन भारत के तत्वाधान में रविदास के धर्म संगठन के महान संत श्री शिव कुमार जी महाराज मंडला वालों का परलोक गमन (समाधि) 5 जून 2024 दिन बुधवार को हो गया है। जिसमें उनके पार्थिव शरीर को समाधि दी गई थी इसी उपलक्ष्य में उनकी स्मृति में सतगुरु रविदास अमृतवाणी शांति पीठ एवं संत सिंगाजी महाराज शांति पाठ, संत समागम आरती अरदास, सद्गुरु भंडारा (लंगर) दिनांक 22 जून 2024 दिन शनिवार जेष्ठ पूर्णिमा) संत कबीर साहब के प्रकटोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के सदस्य और कार्यक्रम के आयोजकन्द्ध श्री माधव सिंह अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष, श्री कमलेश बघेल जिला अध्यक्ष, श्री हाकम सिंह शिक्षक जिला सचिव, श्री अशोक अहिरवार जिला कोषाध्यक्ष, श्री पूरन सिंह अहिरवार जिला उपाध्यक्ष।।

अतः समस्त गुरु प्यारी साध संगत समस्त गुरु प्रेमियों समस्त गुरुजी किस गुरु जी के समस्त आयुयायी सादर आमंत्रित हैं।

शांति पीठ 21 जून 2024 शाम 5ञ्00 बजे




से

22 जून 2024 प्रातः 8ञ्00 बजे तक।

आरती अरदास समाधि स्थल पर 9:00 बजे से 11:00 तक अमृतवाणी/ सत संग/ संग समागम 11:30 से 2:00 तक सतगुरु भंडारा लंगर 2:00 बजे से

दिनांक 22 जून 2024 दिन शनिवार ज्येष्ठ पूर्णिमा

समय- प्रातः 10:30 से....

स्थान- गुरु जी का आश्रम ग्राम टिमरावन तह. देवरी जिला रायसेन।

# NCET परीक्षा में हुई गड़बड़ी और सर्वर डाउन होने के कारण लाखों बच्चों का पेपर प्रभावित हुआ है इस समस्या का जिम्मेदार कौन है।

संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़।

भोपाल

1. NTA (National Testing Agency): चूंकि NTA ही NCET परीक्षा का आयोजन करती है, इसलिए सर्वर और परीक्षा प्रक्रिया की तकनीकी व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य रूप से NTA की होती है। यदि सर्वर डाउन हुआ है या अन्य तकनीकी गड़बड़ियाँ हुई हैं, तो इसकी प्रारंभिक जिम्मेदारी NTA पर आती है।

2. **तकनीकी सहयोगी कंपनियाँ**- कई बार ह्ज्ञ अपने तकनीकी काम के लिए बाहरी कंपनियों की मदद लेता है, जो सर्वर, नेटवर्क और अन्य तकनीकी संसाधन प्रदान करती हैं। अगर इनमें से किसी कंपनी की सेवा में गड़बड़ी आई है, तो उस कंपनी की भी जिम्मेदारी बनती है।



3. **परीक्षा केंद्रों का प्रबंधन**- परीक्षा केंद्रों पर तकनीकी और प्रशासनिक व्यवस्थाएँ सुचारु रूप से चलाना भी जरूरी है। परीक्षा केंद्रों में अगर किसी प्रकार की लापरवाही या तकनीकी गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जांच की जानी चाहिए।

4. **आपातकालीन योजनाओं की कमी**- यदि ऐसी स्थितियों के लिए कोई आपातकालीन योजना या बैकअप सिस्टम नहीं था, तो इसकी जिम्मेदारी भी ह्ज्ञ और संबंधित प्रबंधकों की बनती है। इस तरह की घटनाएँ भविष्य में न हो, इसके लिए ह्ज्ञ को अपने तकनीकी ढांचे और प्रबंधन प्रक्रियाओं को सुधारने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, प्रभावित छात्रों के लिए परीक्षा पुनः आयोजित करने और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

### बढ़ना है तुझे आगे !



संभल इन ठोकरों से ,
रास्ता है कठिन !
अंतिम पंक्ति के ,
अंतिम पायदान पर खड़े..
बाटजोह रहे तेरी !
बढ़ना है तुझे आगे,
अस्पृश्यता की जंजीरो को तोड़...
पहुंचना है तुझे आगे !
पहुंच अपने हक्‌ अधिकारों तक,
ना डर घृणित व्यवहार से...
कर सामना निडरता से !
वर्षो से इंतजार जिन्हें,
बढ़ा हाथ...
अपनों को उठाने में !
प्रतिपल संघर्ष की राह तेरी ,
अदम्य गुणों का भण्डार-सा !
भर साहस..
बन एक चट्टान-सा !!

कु.प्रियंका
सामाजिक विचारक कार्यकर्ता
एवं
रिसर्च स्कॉलर (भौतिकी)

# सोयी कोम को गहरी नींद से जगाने वाले बहुजन नायक : मान्यवर कांशीराम जी

पंजाब(भारत) के रूपनगर जिले के एक छोटे से गांव खवसपुर में 15 मार्च 1934 को एक नन्हे से बालक ने जन्म लिया ! किसी ने उस वक्त कभी नहीं सोचा होगा कि ये नन्हा बालक पंजाब की जमीन में पैदा होकर उत्तरप्रदेश की राजनीति में मजबूत पगचिह्न बनाते हुए संपूर्ण बहुजन समाज में चेतना का एक ऐसा बीज बोएगा जो आगे जाकर बरगद के समान एक विशाल वृक्ष बन जायेगा! बहुजन समाज के सामाजिक व राजनीतिक इतिहास में मान्यवर कांशीराम जी ने अपनी गहरी अमिट छाप छोड़ी है! वे किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं...मान्यवर साहब एक बहुजन नायक, दलित पिछड़ो, अल्पसंख्यको के नेता तथा सोती हुई कोम को जगाने वाले, संपूर्ण भारत में फुले-अंबेडकर मिशन को गति देने वाले रणनीतिज्ञ,विचारक एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे! उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन अनुसूचितों को जागरूक करने में लगा दिया! उनका मानना था कि...सामाजिक परिवर्तन का कार्य करने के लिए हमारे महापुरुष वापस नहीं आयेंगे यह कार्य अब हमें ही करना होगा,चाहे हमें कितना ही त्याग,संघर्ष, बलिदान क्यों न करना पड़े! मान्यवर कांशीराम...डॉ.अंबेडकर के विचारो,संघर्षों एवं उनके अथक परिश्रम से इस कदर प्रभावित थे कि वे निकल पड़े साइकिल की सवारी पर ग्रामीण अंचलो की ओर...अपने दबे-कुचले समाज में नवीन चेतना भरने..नवीन ऊर्जा भरने और धीरे-धीरे साइकिल की सवारी हाथी के सफ़र में बदलती चली गयी ! उन्होने देश में दलित पिछड़ो अल्पसंख्यको की मुक्ति सामाजिक सुधार की एक ऐसी लड़ाई छेड़ दी थी जिसे वे अपनी अंतिम श्वांस तक दृढ़ता से लड़ते रहे ! ये लड़ाई आज भी निरंतर जारी है! कांशीराम साहब के त्याग एवं कठिन संघर्ष को शब्दों में बांधना असंभव-सा महसूस होता है..कांशीराम जी के शब्दो में... I will never get married, i will never acquire any property, i will never visit my home, i will devote and dedicate the rest of my life to achieve the goals of Phule-Ambedkar movement." उन्होंन ताजिदंगी बिना घर-गृहस्थी अविवाहित रहकर संपूर्ण जीवन इस बहुजन समाज को उठाने में लगा दिया। जब शरीर को चोट लगती है तो हम उपचार करते हैं ताकि घाव शीघ्र ठीक हो सके किंतु फिर आज जब हमारा बहुजन समाज रूपी शरीर चोटिल है..इसमें बड़े-बड़े घाव हो गये हैं तो इन घावों में कौन पट्टी बांधेगा,कौन दवा लगाकर ठीक करेगा ? क्या हमारे बहुजन समाज को ऐसे ही चोटिल छोड़ दे..घाव से खून यूंही बहने दें..हड्डियां समाज की टूटने दें..बिखरने दें और उसे सड़ने दें ?? हम मूकदर्शक की तरह पारिवारिक छुट्टियों घर-गृहस्थी सुविधाओ में मजे से जीते रहें और बीच-बीच में समाज पर दो-तीन सहानुभूतिपूर्ण टिप्पणी करके...जागरूकता संभव है?? आज बहुजन सामाजिक चेतना कितनी आवश्यक है..चिंतन मनन के साथ बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम साहब को शत्-शत् नमन !!

कु. प्रियंका
सामाजिक विचारक कार्यकर्ता
एवं
रिसर्च स्कॉलर (भौतिकी)

## Youngster force of India group के तत्वाधान में बहुजन शिक्षा को बढ़ावा दे रहे युवा।।



संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़

देवरी। जुलाई 1942 में नागपुर, भारत में अखिल भारतीय दलित वर्ग सम्मेलन में डॉ. अंबेडकर ने अपने अनुयायियों से आह्वान किया था- शिक्षित बनो, आंदोलन करो, संगठित हो । डॉ. अंबेडकर का मानना था कि जाति-आधारित हाशिए पर धकेले जाने के कारण लाखों दलित मानसिक और शारीरिक रूप से घोर गरीबी में चले गए हैं और उनसे उनकी मानवता छीन ली गई है। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र से संचालित यंगस्टर फोर्स आफ इंडिया ग्रुप जो कि युवाओं का एक समूह है जिसका उद्देश्य गरीब एवं पिछड़े हुए बच्चों को बहुजन महापुरुषों की किताबें कहानियां और संविधान की किताबों का निशुल्क वितरण किया जाना तय हुआ जिसमें उनको बहुजन महापुरुषों को जानने का और स्वयं के गरीबी उन्मूलन का एक अच्छा माध्यम मिलेगा इसी को ध्यान में रखते हुए समस्त युवाओं ने एक नवाचार करते हुए इस पहल को करना प्रारंभ किया। इस माध्यम से शिक्षा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा और तर्क वितर्क में आसानी होगी या सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम का हिस्सा होगा हैं।

## मध्य प्रदेश में 18 जून तक आ सकता है मानसून, इंदौर, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, सागर और शहडोल संभाग में बारिश के आसार

**भोपाल** । दक्षिण पश्चिम मानसून धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। अगले दो-तीन दिन में मानसून के महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा में भी आगे बढ़ने के आसार हैं। हालांकि मध्य प्रदेश में 18 जून के आसपास मानसून के आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर बनी चार मौसम प्रणालियों के असर से हवाओं के साथ नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। इस वजह से प्रदेश के विभिन्न जिलों में वर्षा हो रही है।

**इन संभागों में हो सकती है बारिश:** इसी क्रम में गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक गुना में तीन मिलीमीटर वर्षा हुई। भोपाल में भी कहीं-कहीं बौछारें पड़ीं। प्रदेश में सबसे अधिक 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान सिंगरौली में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक,



भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, शहडोल, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है।

**ग्वालियर, रीवा संभाग में गर्मी:** ग्वालियर, चंबल, रीवा संभाग के जिलों में अभी भी तपिश बरकरार रह सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। बिहार पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर नगालैंड तक एक द्रोणिका बनी हुई है।

**क्या कहते हैं मौसम वैज्ञानिक:** मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में हवाओं का रुख दक्षिणी एवं दक्षिण-पश्चिमी बना हुआ है। हवा की रफ्तार भी 30 से 35 किलोमीटर प्रति घंटा बनी हुई है। वातावरण में नमी रहने के कारण आंशिक बादल बने हुए हैं। इस वजह से तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना कम है, लेकिन उमस बढ़ी हुई है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, शहडोल, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। ग्वालियर, चंबल, रीवा संभाग के जिलों में अभी तापमान बढ़ा ही रहेगा।

## मैसेज भेजकर रेव पार्टी में बुलाने वाली इवेंट मैंनेजर कशिश गिरफ्तार, पब, रेस्टोरेंट और होटलों से रखती थी संपर्क

**इंदौर।** रालामंडल क्षेत्र स्थित फार्म हाउस में रेव पार्टी की इवेंट मैनेजर कशिश वाधवानी पुलिस के हत्थे चढ़ गई। छह दिन से सरगर्मी से ढूंढ रही तेजाजी नगर पुलिस ने कशिश को बाणगंगा क्षेत्र से पकड़ा है। आयोजक सोनू गुप्ता और हितेश सिंघानी की तलाश है। डीसीपी जोन-1 विनोद कुमार मीना के मुताबिक, रिवेरा फार्म पर शनिवार रात आजाद नगर एसीपी आशीष पटेल की टीम ने छापा मारा था। आरोपित सोनू गुप्ता, रितेश यादव, हितेश सिंघानी द्वारा पार्टी का आयोजन किया गया था। मौके पर गांजा, गोगो पेपर, शराब मिली थी। पुलिस ने आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट और प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। कशिश वाधवानी ने इवेंट का जिम्मा लिया था। पब, रेस्टोरेंट और होटलों से संपर्क रखने वाली कशिश ही देर रात पार्टी के शौकीन युवक-युवतियों को मैसेज भेजती थी। पुलिस ने कशिश को आरोपित बनाया लेकिन वह फरार हो गई। गुरुवार को पुलिस ने उसे पैनजान कालोनी (बाणगंगा) से गिरफ्तार कर लिया। मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त में पकड़े गए ड्रग्स पैडलर्स से चौंकाने वाली जानकारी मिली है। शहर में सप्लाई होने वाली महंगी ड्रग्स (एमडीएमए) नाइजीरियन तस्करों द्वारा भेजी जा रही है। पैडलर का दिल्ली और मुंबई के नाइजीरियन से सीधा कनेक्शन मिला है। अफसरों ने तस्करों की रिपोर्ट तैयार की है। पुलिस आयुक्त राकेश गुप्ता के मुताबिक, शहर में जगह-जगह ड्रग्स बिकने की सूचना पर चारों जोन के डीसीपी ने आपरेशन ईगल क्ला (बाज का पंजा) की शुरुआत कर 400 से ज्यादा पैडलर्स को पकड़ा था।

# बुधनी तहसील के ग्राम मकोडिया के पास भीषण सडक दुर्घटना में 4 व्यक्तियों की मृत्यु



### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने गहन शोक व्यक्त किया

बीआर अहिरवार (पत्रकार) शाहगंज। बुधनी तहसील के ग्राम मकोडिया के पास सड़क दुर्घटना में बुधनी के नीमटोन और रायसेन निवासी चार व्यक्तियों की असामयिक मृत्यु हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस दुर्घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से मृत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देने और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है । इस दुर्घटना में अहमदपुर थाना-औबेदुल्लागंज जिला रायसेन निवासी 22 वर्षीय श्री राजकुमार पिता लालजी राम मर्सकोले, पिपरिया थाना-गौहरगंज, जिला-रायसेन निवासी 35 वर्षीय श्री मंगल पिता अमरसिंह तुमरे, नीमटोन थाना-शाहगंज, जिला सीहोर निवासी 32 वर्षीय श्रीमती आरती बाई पति अजय राजपूत, नीमटोन थाना-शाहगंज, जिला सीहोर निवासी 50 वर्षीय श्रीमती चरणो देवी पति राधेलाल की मृत्यु हो गई है। दुर्घटना में अहमदपुर निवासी श्री नीतेश मर्सकोले, डोबी निवासी श्रीमती प्रेमबाई नामदेव, ग्राम-भवई



निवासी श्री पप्पू कुमार, ग्राम-शिवतला निवासी श्री मनमोद, ग्राम-भवई निवासी श्री मन्नु आलम, शिवतला निवासी श्री सुरेन्द्र सिंह, ग्राम सूखीकुंभली निवासी श्री अभयराम, ग्राम जोनतला निवासी श्री बलदेव, ग्राम-नीमटोन निवासी श्री देवेन्द्र, शाहगंज निवासी श्रीमती रामबाई, ग्राम सूदौन निवासी श्री आशीष घयल हुए हैं। घायलों को नर्मदापुरम के जिला चिकित्सालय एवं बुदनी तथा शाहगंज पीएचसी, बकतरा पीएचसी में रेफर किया गया है।

# Aamir Khan के बेटे जुनैद की फिल्म महाराज को लेकर ट्रेंड हुआ बॉयकॉट नेटफ्लिक्स




इंदौर। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के बेटे जुनैद खान इस समय चर्चा का विषय बने हुए हैं। बॉलीवुड में एंट्री लेने से पहले ही जुनैद ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर बॉयकॉट ट्रेंड का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, यूजर्स भी बॉयकॉट नेटफ्लिक्स ट्रेंड चला रहा हैं। जुनैद खान स्टारर फिल्म महाराज जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन रिलीज होने से पहले ही फिल्म को बैन करने की मांग की जा रही है।

### बॉलीवुड में एंट्री से पहले ही बॉयकॉट

दरअसल, जुनैद खान की फिल्म महाराज 14 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। यह फिल्म यशराज बैनर तले बनी है। इस फिल्म के साथ ही जुनैद अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। रिलीज से पहले ही इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बजरंग दल ने इस फिल्म पर आपत्ति जताते हुए इसे बैन करने की मांग की है। उनका कहना है कि फिल्म साधुओं की नकारात्मक छवि दिखाने का प्रयास किया गया है। इतना ही नहीं, उन्होंने मेकर्स से फिल्म की स्क्रीनिंग रखने की भी मांग की है। अब इसे लेकर सोशल मीडिया एक्स (ड्ड) पर बॉयकॉट ट्रेंड शुरू हो चुका है।

# सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऋतिक-दीपिका की फाइटर

इंदौर। बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन और एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर आज यानी गुरुवार को रिलीज हो गई है। सिनेमाघरों में फिल्म ने अपनी ग्रैंड एंट्री कर ली है। रिलीज के साथ ही फाइटर के फर्स्ट डे फर्स्ट शो के बाद दर्शकों के रिएक्शन भी सामने आ गए हैं। गणतंत्र दिवस के खास मौके पर इस फिल्म को रिलीज किया गया है। काफी समय बाद ऋतिक इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापस लौटे हैं। आइए, जानें फाइटर फिल्म को पब्लिक के कैसे रिव्यू मिले हैं।एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, ध्यान खींचने वाला और बांधे रखने वाला स्क्रीनप्ले, सभी एक्टर्स की एक्टिंग बेहद शानदार है। दीपिका पादुकोण सारी लाइमलाइट चुरा ले जाती हैं। ऋतिक रोशन की यूएसपी है, प्लॉट दिलचस्प है सिद्धार्थ आनंद डायरेक्शन तालियों के काबिल है। फाइटर एक विनर है। वहीं, एक और ने कमेंट करते हुए लिखा, फाइटर के एरियल शॉट्स सिर्फ देखने में अच्छे नहीं लगते हैं। ये आपकी सांसे भी रोक देते हैं। ऋतिक रोशन की फिल्म अच्छी है। एक अन्य ने कमेंट करते हुए




लिखा, दीपिका और ऋतिक की केमिस्ट्री जबरदस्त है। एक्शन बाप लेवल का है। वीएफएक्स, सिनेमेटोग्राफी, बीजीएम, स्टोरीलाइन और सिद्धार्थ आनंद का डायरेक्शन टॉप नॉच है। शुरुआत से लेकर आखिर तक, रोंगटे खड़े कर देने वाला है।

# खत्म हुआ फैंस का इंतजार, द फैमिली मैन 3 को लेकर आया बड़ा अपडेट

इंदौर। मनोज बाजपेयी की फेमस सीरीज %द फैमिली मैन% को लेकर लोगों में काफी क्रेज देखने को मिला है। इस सीरीज के अब तक 2 सीजन आ चुके हैं और दोनों ही सीजन सुपरहिट रहे हैं। अब फैंस को %द फैमिली मैन 3% की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। दूसरे सीजन के बाद से ही इसके तीसरे सीजन के लिए चर्चा शुरू हो गई थी। वहीं, अब आखिरकार फैंस का इंतजार खत्म हुआ और मनोज बाजपेयी ने इससे जुड़ी बड़ी अपडेट शेयर की है। हाल ही में उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर द फैमिली मैन 3 को लेकर पोस्ट शेयर की है।

### मेकर्स ने शेयर किया बड़ा अपडेट



बता दें कि द फैमिली मैन सीरीज मनोज बाजपेयी की डेब्यू सीरीज है। इस सीरीज के साथ ही उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग का परिचय दिया। अब सीरीज के तीसरे पार्ट से उम्मीद की जा रही है कि यह भी काफी धमाकेदार होने वाला है। ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम ने लीड एक्टर मनोज बाजपेयी और पूरी टीम के साथ एक फोटो शेयर की है। इसके साथ ही फैमिली मैन 3 को लेकर अपडेट दी है। प्राइम वीडियो ने दो फोटो शेयर की है। पहली तस्वीर में द फैमिली मैन 3 का क्लैपिंग बोर्ड दिख रहा है।

# सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी केस में नया अपडेट

### मुंबई क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया एक्टर का बयान



मुंबई। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को एक्टर सलमान खान का बयान दर्ज किया। क्राइम ब्रांच ने अभिनेता के घर के बाहर हुई गोलीबारी मामले की जांच के सिलसिले में उनका बयान दर्ज किया। मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम बांद्रा स्थित सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंची। यहां फायरिंग मामले में क्राइम ब्रांच की टीम ने सलमान के बयान दर्ज किए। इसके अलावा उनके भाई अरबाज का भी बयान दर्ज किया गया।

### 14 अप्रैल को हुई थी गोलीबारी

सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग 14 अप्रैल को हुई थी। इसके बाद हुई गिरफ्तारियों में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का पता चला। मुंबई पुलिस ने गोलीबारी में शामिल लोगों के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (MCOCA) लगाया।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

इस महीने की शुरुआत में नवी मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के चार सदस्यों की गिरफ्तारी की जानकारी दी, जो कथित तौर पर सलमान खान की कार पर हमला करने की प्लानिंग बना रहे थे। पुलिस के अनुसार, नाकाम की गई साजिश में पाकिस्तान हथियार आपूर्तिकर्ता से हथियार मंगवाना शामिल था। लॉरेंस, उसके भाई अनमोल और गोल्डी बरार पर मामला दर्ज किया गया है।

### मुंबई पुलिस ने 6 लोगों को किया गिरफ्तार

मुंबई क्राइम ब्रांच ने दावा किया कि सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले शूटरों को अनमोल बिश्नोई ने भेजा था। पुलिस के मुताबिक, 15 मार्च को पनवेल में हथियारों की डिलीवरी मिलने के बाद अनमोल ने शूटरों को टारगेट की जानकारी मुहैया कराई थी। पुलिस पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें संदिग्ध शूटर विक्की गुप्ता और सागर पाल शामिल हैं।



# रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव का निधन, हैदराबाद के अस्पताल में ली अंतिम सांस

हैदराबाद। ईनाडु और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का 87 वर्ष की उम्र में आज निधन हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार रामोजी राव का हैदराबाद के स्टार अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां सुबह सुबह 3:45 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। रामोजी राव के निधन पर तेलंगाना के भाजपा प्रमुख और पार्टी सांसद जी किशन रेड्डी ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने एक्?स हैंडल पर लिखा कि रामोजी राव का तेलुगु मीडिया और पत्रकारिता में उल्लेखनीय योगदान सराहनीय है। उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

### पीएम मोदीने भी जताया शोक

रामोजी राव के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शोक जताया है।

### राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

तेलंगाना सरकार ने रामोजी राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का फैसला किया है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी फिलहाल सीडब्ल्यूसी बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली में हैं, उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव के माध्यम से रंगारेड्डी कलेक्टर और साइबराबाद आयुक्त को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की व्यवस्था की निगरानी करने के आदेश जारी किए हैं।

# 22 जून को जीसीटी काउंसिल की बैठक क्या पेट्रोल-डीजल को लेकर होगा फैसला

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक बुलाने का फैसला लिया है। 22 जून को नई दिल्ली में काउंसिल की बैठक होगी। जिसे काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, काउंसिल की मीटिंग में टेक्सटाइल, लेदर से जुड़े इन्वर्टेड ड्यूटी संबंधि अनियमिताओं को दूर करने पर फैसला लिया जा सकता है। कई वस्तुओं की दरों में बदलाव भी संभव है।



## ईंधन और प्राकृतिक गैस पर हो सकता है फैसला

इसके अलावा हवाई जहाज में इस्तेमाल होने वाले ईंधन और प्राकृतिक गैस को त्स्ज के दायरे में लाने पर विचार किया जा सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय जीएसटी के दायरे में लाने की पहले ही सिफारिश कर चुका है। एटीएफ को जीएसटी के दायरे में लाने पर विमान संचालन की लागत भी कम होगी।

## जीएसटी दरों में हो सकती है बढ़ोतरी

टेक्सटाइल व लेदर जैसे कई आइटम्स में कच्चे माल और तैयार माल की त्स्ज दर अलग-अलग है। इससे टैक्स के भुगतान से लेकर रिटर्न भरने में कारोबारियों को परेशानी होती है। इन विसंगतियों को दूर करने के लिए कुछ आइटम की जीएसटी दरों में वृद्धि हो सकती है। वह उत्पाद भी महंगा हो सकता है।

इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में जीएसटी काउंसिल की बैठक हुई थी। तब कई राज्यों के विधानसभा चुनाव और उसके बाद आम चुनाव के कारण जीएसटी दरों में बदलाव नहीं किया गया था।

## निर्मला सीतारमण करेंगी लगातार 7वां बजट पेश

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधिकारियों को बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, %ऐसा बजट पेश किया जाएगा जो देश आर्थिक प्राथमिकताओं और चुनौतियों से निपटने में सक्षम होगा।% वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगी। बता दें लोकसभा चुनाव के रिजल्ट के बाद निर्मला सीतारमण लगातार 7वां बजट पेश करेंगी। यह साल 2024-25 का पूर्ण बजट होगा।

### सोने की कीमत में मामूली तेजी,

# चांदी के भाव में 1634 रुपए की गिरावट, पढ़ें 24 कैरेट गोल्ड के भाव

**इंदौर।** भारतीय सर्राफा बाजार में 11 जून 2024 को सोने के भाव में मामूली तेजी आई है। अब सोने की कीमत 71192 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 10 जून 2024 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 16 रुपये की तेजी आई है। चांदी के भाव में कमी देखी गई है। चांदी का भाव 87294 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 10 जून से 1634 रुपये की कमी आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 10 जून की शाम को 999 शुद्धता वाले 23 कैरेट सोने की कीमत 71176 रुपये थी। 11 जून को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 71192 रुपये हो गई है। 10 जून की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 88928 रुपये थी। 11 जून को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 87294 रुपये हो गई है। 11 जून को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 70907 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 65212 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 53394 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 41647 रुपये हो गई है।



### कैरेट के अनुसार सोना

24 कैरेट सोना= 100% सोना
22 कैरेट सोना= 91.7% सोना
18 कैरेट सोना= 75.0% सोना
14 कैरेट सोना= 58.3% सोना
12 कैरेट सोना= 50.0% सोना
10 कैरेट सोना= 41.7% सोना

### मिस्ड कॉल लगाकर जानें सोने-चांदी का भाव

ibja केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल सकते हैं। मिस्ट कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं। गोल्ड या सिल्वर का रेट जानने के लिए www.ibja.co या ibjarates.com पर भी जा सकते हैं।

# ऐसे पता करें कहां-कहां इस्तेमाल हो रहा आपका आधार कार्ड

**इंदौर।** आज के दौर में आधार कार्ड बहुत उपयोगी हो चुका है। प्रत्येक सरकारी कार्य में आधार कार्ड आवश्यक होता है। बैंकिंग सेक्टर में तो आधार कार्ड का इस्तेमाल अनिवार्य कर दिया गया है। आधार कार्ड में हमारी महत्वपूर्ण जानकारियां जैसे डेट ऑफ बर्थ, ऐड्रेस मौजूद होती है। इसके अलावा यह हमारे बैंक और पैन कार्ड से भी लिंक होता है। ऐसे में अगर यह गलत हाथों में चला जाए तो इसका काफी दुरुपयोग भी किया जा सकता है और संबंधित व्यक्ति को नुकसान झेलना पड़ सकता है। यह जान लेना भी जरूरी है कि हमारे आधार कार्ड कहां-कहां उपयोग हो रहा है ताकि फ्रॉड से बचा जा सके। यहां आपको बताते हैं कि आप आपके आधार कार्ड की हिस्ट्री कैसे चेक कर सकते हैं। साथ ही यह जान सकते हैं कि आपके आधार कार्ड का उपयोग कहां-कहां हुआ है। अपने आधार कार्ड की हिस्ट्री जानने के लिए आप इसकी आधिकारिक वेबसाइट अथवा इसके एप पर जाएं। यहां आप 6 महीने की आधार हिस्ट्री की चेक कर सकते हैं। बता दे कि आपको आधार हिस्ट्री में इस बात की जानकारी मिल जाएगी कि आपका आधार कार्ड का उपयोग कौन सी तारीख से किया जा रहा है। आधार की जानकारी देने पर IDAI द्वारा रिस्पॉन्स कोड जारी होता है। आधार हिस्ट्री में इस बात की भी जानकारी मिल जाती है कि इसका उपयोग कौन सी ऑथेंटिकेशन यूजर एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। आपके आधार कार्ड दुरुपयोग हो रहा है तो आपको ऑथेंटिकेशन यूजर एजेंसी (८) से संपर्क करना होगा। इसके साथ ही आप आधार कार्ड की हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर मदद मांग सकते हैं।




# सेविंग अकाउंट में पैसा जमा करने पर भी मिलेगा FD जैसा ब्याज

**इंदौर।** आज के दौर में अच्छा रिटर्न पाने के लिए हर कोई निवेश करने लगा है। सुरक्षित निवेश के लिए अधिकतर निवेशक एफडी को चुनते हैं। वहीं कई लोग सेविंग अकाउंट में पैसा रखते हैं, लेकिन पर अधिक ब्याज नहीं मिलता। ऐसे में बैंक की एक स्कीम ऐसी भी है, जिसमें सेविंग अकाउंट में पैसे जमा करने पर भी एफडी की तरह ही ब्याज मिलता है। यह स?कीम सभी बैंकों द्वारा चलाई जाती है। बैंक द्वारा दी जाने वाली इस सुविधा का नाम ऑटो-स्वीप फैसिलिटी है। इसके सुविधा का लाभ पाने के लिए बैंक में आवेदन देना होगा। इस सुविधा के तहत बैंक अकाउंट में एक निर्धारित राशि के बाद जितना भी पैसा जमा करते हैं, उस रकम पर आपको सेविंग अकाउंट की तुलना में अधिक ब्याज मिलता है। उदाहरण के तौर पर आपके सेविंग अकाउंट में ऑटो-स्वीप के लिए 10 हजार रुपयेकी राशि तय है। ऐसे में 10 हजार रुपये तक की राशि जमा करने पर सामान्य ब्याज ही मिलेगा। जैसे आप इस राशि से अधिक रकम अकाउंट में जमा करते हैं, वह ऑटोमेटिक स्वीप-इन डिपॉजिट में ट्रांसफर हो जाएगी और इस पर आपको सामा-?य से अधिक ब्याज मिलेगा। स्वीप-इन डिपॉजिट का सामा-?य टेन्योर पांच साल के लिए होता है। हालांकि, अलग-अलग बैंक के हिसाब से टेन्योर बदल भी सकता है। साथ ही इस सुविधा का नाम भी हर बैंक में अलग होता है।




# बगैर किसी प्रीमियम के मिलेगा 7 लाख रुपये तक के इंश्योरेंस का लाभ




**इंदौर।** वर्तमान दौर को देखते हुए इंश्योरेंस की जरूरत काफी बढ़ गई है। भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अब हर कोई स्वास्थ्य, दुर्घटना और वाहन सहित अन्य बीमा करवाने लगा है। वहीं यदि आप नौकरी पेशा व्यक्ति है और आपका पीएफ कटता है तो यह खबर आपको यह खबर जरूर पढ़नी चाहिए। दरअसल, ऐसे व्यक्ति जिनका पीएफ कटता है उन्हें बगैर किसी प्रीमियम के सात लाख रुपये तक के इंश्योरेंस कवर का लाभ मिल सकता है। यह बीमा कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा उपलब्ध करवाया जाता है। ईपीएफओ के सभी सदस्यों को एंप्लॉयीज डिपॉजिट लिंक्ड इंश्योरेंस स्कीम (EDLI) के तहत 7 लाख रुपये तक का बीमा कवर मिलता है। इसमें बीमित व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना अथवा स्वाभाविक मृत्यु होने पर इंश्योरेंस का लाभ मिलता है। इस स्कीम के तहत संबंधित व्यक्ति के नॉमिनी को क्लेम की राशि दी जाती है।

### ये है शर्त

बता दें कि इस स्कीम के तहत कर्मचारियों को कम से कम ढाई लाख रुपये और अधिकतम 7 लाख रुपये तक का इंश्योरेंस क्लेम का लाभ मिल सकता है। हालांकि, मिनिमम क्लेम के लिए एलिजिबल होने के लिए संबंधित को 12 महीने तक लगातार नौकरी में होना चाहिए। नौकरी छोड़ने वाले पीएफ धारकों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)